# भारतीय वायुसेना में अग्निवीरवायु भर्ती हेतु निर्धारित परीक्षा
# SCHEDULED TEST FOR AGNIVEERVAYU RECRUITMENT (STAR) IN INDIAN AIR FORCE

## उम्मीदवारों के लिए अनुदेश
## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

**उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व निम्नलिखित अनुदेशों को ध्यान से पढ़ना है।**
**CANDIDATES MUST READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THE QUESTION PAPER**

***महत्त्वपूर्ण सूचना :***

***प्रश्नपत्र भारतीय वायु सेना का गोपनीय दस्तावेज़ है। इसका निर्माण विशेष आन्तरिक शोध के पश्चात् किया गया है। अत : यह भारतीय वायु सेना की अविच्छेद्य (अहस्तांतरणीय) सम्पत्ति है और विधि अनुसार सुरक्षित है। सभी उम्मीदवार ध्यान दें कि प्रश्न पत्र केवल परीक्षा के दौरान ही उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षा उपरान्त परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र किसी भी प्रारूप में उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।***

***Important Notice:***

***Question Paper is a confidential document of Indian Air Force. It is created after exclusive internal research. Hence, it is an inalienable property of IAF and protected as per law. All candidates to note and understand that access to the question paper is permitted during the examination (R) during the examination only. Question paper in any form whatsoever will not be provided to the candidates after examination.***

1. **परीक्षा के दौरान कभी भी अपने ब्राउज़र को बंद न करें ।**
**DO NOT CLOSE YOUR BROWSER AT ANY TIME DURING EXAM.**

2. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी ।
You will not be permitted to leave the Exam Hall till the completion of Exam.

3. यह परीक्षा आपको भारतीय वायुसेना में अग्निवीरवायु के रूप में भर्ती करने के लिए है। कृपया ध्यान दें, आपकी भर्ती पायलट, नेवीगेटर, कमीशन्ड अधिकारी या वायु सैनिक के रूप में नहीं होगी।
This examination is meant to induct you as an Agniveervayu in Indian Air Force. Please note, you will not be recruited as a Pilot, Navigator, Commissioned Officer or Airman in Indian Air Force.

4. स्क्रीन पर प्रदर्शित **अपना नाम, हॉल टिकट संख्या व फोटोग्राफ की सत्यता जांच लें** । किसी भी प्रकार की भिन्नता होने पर इस बारे में कक्ष निरीक्षक को तुरन्त सूचित करे ।
**Check the correctness of your Name, Hall Ticket Number & Photograph** being displayed on the screen. In case of any discrepancy, report the same to Invigilator, immediately.

5. परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक द्वारा लायी गई उपस्थिति सूची पर हस्ताक्षर करें व सुनिश्चित करें कि आपकी रंगीन फोटो आपके नाम के आगे चिपकी हुई है।आपके द्वारा लायी गई फोटो भी वहां चिपकायें।यह फोटो रजिस्ट्रेशन करने के दौरान प्रयोग की गयी फोटो की प्रति होनी चाहिए।
Ensure to sign the attendance sheet brought by the Invigilators during exam and check that your colour photograph is pasted against your name in the attendance sheet. Affix against your name, the photograph brought by you in the column meant for the same. This photograph should be the same as was submitted during registration.

6. एक चार अंकीय **"सेशन आई डी"** आपके स्क्रीन के दायीं ओर सबसे ऊपर कोने में दर्शायी जायेगी । आपको इसे उपस्थिति सूची पर लिखना है । किसी भी उम्मीदवार से संबंधित 'अनरिकॉर्डेड सेशन आई डी' के परीक्षा के उत्तरों पर मूल्यांकन हेतु विचार नहीं किया जायेगा और उस 'अनरिकॉर्डेड सेशन आई डी' पर दिये गये सभी उत्तरों को रद्द माना जायेगा।
A four digit **"session ID"** is displayed on the right hand top corner of your screen. Same is to be written on the attendance sheet. Answers of the exam with unrecorded session ID corresponding to a candidate will not be considered for evaluation and all responses on that unrecorded session ID will be treated as null and void.

7. जब तक कक्ष निरीक्षक द्वारा न कहा जाये तब तक परीक्षा आरम्भ न करें ( **[START EXAMINATION]** बटन न दबायें )।Do not start the exam (do not click on **[START EXAMINATION]** button) till the time it is told by the Invigilator.

8. प्रत्येक प्रश्न-पत्र खण्ड के आरम्भ होने के बारे में सिस्टम आपको सूचित भी करेगा । सूचना या कक्ष निरीक्षक द्वारा अनुदेश मिलने के तुरन्त बाद आप अपना खण्ड **[START NEXT QUESTION PAPER SECTION]** बटन दबा कर आरम्भ करें ।
System would also notify you about the start of each question paper section. Start your section by clicking **[START NEXT QUESTION PAPER SECTION]** button immediately after receiving the notification or instruction from the Invigilator.

9. परीक्षा आरम्भ होते ही **"शेष समय"** विषयानुसार विषय के नाम के साथ ऊपर दायीं ओर कोने में प्रदर्शित होने लगेगा ।
**"Time remaining"** will be displayed subject-wise along with subject name on the top right hand corner of the screen, once the exam starts.

10. प्रश्न के नीचे दिये गये विकल्प A, B, C, D में से सबसे उपयुक्त लगने वाला उत्तर चुनें ।
Select the option (out of A, B, C, D) given below the question that you find the most appropriate, as your answer.

11. प्रत्येक स्ट्रीम के लिए विषय, प्रश्नों की संख्या, अंक, समय और उनका क्रम नीचे दिया गया है:-
Subjects, number of questions, marks, time and their sequence for each stream is as given below:-

**स्ट्रीम – विज्ञान एवं विज्ञान से इतर विषय / Stream – Science and other than Science Subjects (BS)**

| विषय Subject | प्रश्न क्रम संख्या Ques Sr.No | अंक Marks | अवधि Duration |
|---|---|---|---|
| भौतिकी Physics | 1-25 | 25 | 20 मिनट / mins |
| गणित Maths | 26-50 | 25 | 20 मिनट / mins |
| अंग्रेज़ी English | 51-70 | 20 | 20 मिनट / mins |
| तर्कण एवं सामान्य अभिज्ञा RAGA | 71-100 | 30 | 25 मिनट / mins |

**स्ट्रीम – विज्ञान से इतर विषय / Stream – Other than Science Subjects (OS)**

| विषय Subject | प्रश्न क्रम संख्या Ques Sr.No | अंक Marks | अवधि Duration |
|---|---|---|---|
| अंग्रेज़ी English | 1-20 | 20 | 20 मिनट / mins |
| तर्कण एवं सामान्य अभिज्ञा RAGA | 21-50 | 30 | 25 मिनट / mins |

**स्ट्रीम – विज्ञान विषय / Stream – Science Subjects (SS)**

| विषय Subject | प्रश्न क्रम संख्या Ques Sr.No | अंक Marks | अवधि Duration |
|---|---|---|---|
| भौतिकी Physics | 1-25 | 25 | 20 मिनट / mins |
| गणित Maths | 26-50 | 25 | 20 मिनट / mins |
| अंग्रेज़ी English | 51-70 | 20 | 20 मिनट / mins |

**Note:-**

(i) इस प्रश्नपत्र में आपके स्ट्रीम के लिये लागू विभिन्न विषय सम्मिलित हैं। स्ट्रीम में प्रत्येक विषय की एक नियत अवधि है। प्रत्येक विषय उपरोक्त क्रम में केवल पिछले विषय के लिये निर्धारित समय की समाप्ति पर ही प्रस्तुत होगा। समय की समाप्ति पर खण्ड / विषय स्वतः जमा हो जायेगा और आपके लिए उपलब्ध अगले विषय के सामने **[Start Next Question Paper Section]** बटन के साथ विषय की स्थिति दर्शाती एक स्क्रीन दिखाई देगी । कक्ष निरीक्षक से अनुदेश मिलने अथवा सिस्टम जनित सूचना प्राप्त होने पर अगले विषय को तुरन्त हल करना आरम्भ करने के लिये **[Start Next Question Paper Section]** बटन को दबायें।

The question paper contains various subjects as applicable for your stream. Each subject in the stream is of a specific duration. Each subject will appear in sequence as per the above order only after the lapse of time allocated for previous subject. After the time has elapsed, the section/subject would get automatically submitted and a screen showing the section status will be displayed with **[Start Next Question Paper Section]** button against the subject that will be next available to you. After receiving instructions from invigilator or system generated notification, click on **[Start next Question Paper Section]** button in order to start attempting the next subject immediately.

(ii) आप न तो वापस जा सकेंगे न ही उस विषय के लिए प्रयत्न कर सकेंगे जो जमा हो गया है। जब तक आप सभी विषयों के लिये प्रयत्न नहीं कर लेते तब तक यह क्रम जारी रहेगा। यह प्रतिरूप स्ट्रीम **BS, SS** और **OS** के लिये सम्मिलित सभी उम्मीदवारों के लिये लागू होगा।

You can't go back and attempt the subject which has been already submitted. The sequence will continue till you have attempted all the subjects of your group. Same pattern is applicable to all candidates appearing for Streams **BS, SS** and **OS**.

(iii) प्रश्न पत्र उपलब्ध होने के बाद **[Submit Question Paper Section]** बटन प्रारम्भिक 5 मिनट के लिये निष्क्रिय रहेगा। अतः अभ्यर्थी द्वारा प्रश्न पत्र प्रारम्भिक 5 मिनट में जमा नहीं किया जा सकेगा। यदि आपने निर्धारित समय से पूर्व ही अपना विषय पूरा कर लिया है तो आप उस विषय को **[Submit Question Paper Section]** बटन दबाकर जमा कर सकते हैं। **एक बार किसी विषय का प्रश्न पत्र जमा हो जाने पर उसके लिये पुनः प्रयत्न नहीं किया जा सकता तथापि अगला विषय केवल निर्धारित सारिणी के अनुसार ही उपलब्ध होगा ।**

After the question paper section is made available, **[Submit Question Paper Section]** button will be disabled for initial 5 mins. So, the question paper section cannot be submitted by candidate in the initial 5 minutes. In case you have completed the subject paper prior to the specified duration then you can submit the subject paper by clicking on **[Submit Question paper Section]** button. **Once subject paper is submitted, it can't be attempted again, however next subject would be available only as per schedule.**

12. आप सीधे स्क्रोल बार का प्रयोग करके अथवा सीधे प्रश्न संख्या ग्रिड के माध्यम से किसी भी प्रश्न का संचालन कर सकते है।
You can navigate to any question directly using scroll bar or directly through the question number grid.

13. **STAR परीक्षा की मूल्यांकन योजना निम्नलिखित है / Marking scheme of STAR Exam is as follows:-**

(a) प्रत्येक सही उत्तर के लिये एक अंक।
One mark for every correct answer.

(b) जिन प्रश्नों के लिए प्रयत्न नहीं किये गये हैं, उनके लिए शून्य (**0**) अंक।
Nil (**0**) marks for unattempted question.

(c) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काट दिये जायेंगे।
0.25 marks will be deducted for each wrong answer.

14. **स्क्रीन पर दिये गये बटन निम्नानुसार कार्य करते है ।**
Screen contains the following buttons with the functionality as specified below:-

| **बटन / Button** | **कार्य / Functionality** |
|---|---|
| **समीक्षा के लिए चिन्ह Mark for Review** **"?"** "√ ?" | जब आप उत्तर के बारे में निश्चित न हों तब आप **"Mark For Review"** बटन का प्रयोग उस प्रश्न को बाद में हल करने हेतु चिन्हित करने के लिए कर सकते है ।यह प्रश्न संख्या ग्रिड में प्रश्न के सामने "?" चिन्ह द्वारा दर्शाया जायेगा ।यदि प्रश्न का उत्तर दे दिया गया है और समीक्षा के लिए चिन्हित किया गया है तब प्रश्न संख्या ग्रिड में प्रश्न के सामने "√ ?" चिन्ह प्रदर्शित होगा। इस तरह के मामले में यद्यपि प्रश्न को समीक्षा के लिए चिन्हित किया गया है तथापि उस प्रश्न को उत्तरित माना जायेगा । In case you are not sure about the answer, you may use **"Mark For Review"** Button to mark the question for a later attempt. It will be shown with a "?" mark against the question in the question number grid. If the question has been answered and has been marked for review, then "√ ?" mark will be displayed against the question in the question number grid. In such case, even though the question is marked for review, it will be considered as attempted. |
| **उत्तर को मिटाना Clear Answer** | यह बटन चिन्हित उत्तर को मिटा देगा और प्रश्न अनुत्तरित रूप में प्रदर्शित होगा। This button will clear the option marked and the question will be shown as un-answered. |

परीक्षा के दौरान किसी भी समय आप स्क्रीन पर नीचे बॉयी ओर कोने में बने हुए '**View Instructions**' बटन को दबाकर प्रश्न-पत्र अनुदेश देख सकते हैं और '**Continue with Examination**' बटन दबाकर विषय की परीक्षा वाले स्क्रीन पर फिर वापस जा सकते हैं। At any time during examination, you can also view Question Paper Instructions using **'View Instructions'** button on the bottom left hand corner of the screen and come back to subject exam screen by clicking on '**Continue with Examination**' button.

15. **जब परीक्षा आरम्भ होती है / When the exam starts:-**

(a) कम्प्यूटर सिस्टम पर कोई अन्य साफ्टवेयर एप्लिकेशन न खोलें ।
Do not open any other software application on the computer system**.**

(b) मशीन को शट डाउन अथवा निर्धारित हार्डवेयर या साफ्टवेयर से छेड़छाड़ न करें ।
Do not shut down the machine or fiddle with allocated hardware or software.

(c) यदि ब्राउज़र दुर्घटनावश या किसी परिस्थितिवश बंद हो जाता है तो सहायता के लिए कक्ष निरीक्षक को रिपोर्ट करें और यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी नई **सेशन आई डी** उपस्थिति सूची में पुनः अंकित की गई है ।

If the browser closes accidentally or due to any circumstance, report to Invigilator for help, and also candidate must ensure that the new **session ID** is updated in the attendance sheet.

(d) किसी भी समस्या के लिए कक्ष निरीक्षक को रिपोर्ट करना है।
For any problem, report to the invigilator**.**

16. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा की अपनी पारी के दौरान तकनीकी त्रुटि अथवा किसी अन्य कारण से अपनी परीक्षा पूर्ण नहीं कर पाता है, तो उसे आवंटित नई पारी में सभी विषयों की परीक्षा नये सिरे से देनी होगी। भले ही उसके द्वारा पिछली पारी में किसी भी विषय की परीक्षा क्यों न दे दी गई हो।
If any candidate is not able to complete his/her examination due to technical error or any other reason during his/her shift of examination, he/she is to attempt all the subjects afresh in the new shift allotted to him/her irrespective of subjects he/she has already attempted in the previous shift.

17. परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर,मोबाइल फोन, पेज़र, स्मार्ट घड़ियॉं, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य कोई इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स की किसी भी रूप में अनुमति नहीं है।
Calculators, mobile phones, pagers, smart watches, bluetooth device or any other electronic gadgets in any form are not allowed in the Exam Hall.

18. अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी ।
Candidature of the candidate will be cancelled, if found to be resorting to any unfair means.

19. यदि प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी भाषा रूप के बीच किसी प्रकार की भिन्नता है, तो **अंग्रेजी रूप को ही प्रामाणिक माना जाये**।
If there is any variation between English and Hindi language version of the question, **English version shall be taken as authentic**.

20. प्रत्येक उम्मीदवार को रफ कार्य के लिए A4 आकार का कागज दिया जायेगा। उम्मीदवार को रफ कागज पर अपना नाम, हॉल टिकट संख्या और सेशन आई डी लिखना है ।उम्मीदवार को परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व कक्ष निरीक्षक को यह रफ कागज लौटाना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को रफ कागज फाड़ने अथवा पूरा या कोई हिस्सा अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं है। प्रवेश-पत्र पर कहीं भी कोई रफ कार्य करना अथवा कुछ भी लिखना सख्त मना है।ऐसा करने से उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है।

Each candidate will be provided with A4 size sheet for rough work. Candidates have to record their name, hall ticket number and session ID on the rough sheet. Candidates must return the rough sheet to the Invigilator before leaving the exam hall. Candidates are not permitted to tear or carry the rough sheet or portion of it with them. It is strictly prohibited to do any rough work or write anything anywhere on the Admit Card. Such act may result in cancellation of candidature of the candidate.

21. मैने उपर्युक्त अनुदेशों को समझ लिया है और मैं उसका अनुपालन करूंगा/करूंगी।
Above instructions have been understood by me, and I will abide by the same.